लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या –2686
उत्तर देने की तारीख: 09.07.2019

स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान

2686. श्री राहुल रमेश शेवले:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआईआरटीएआर), कटक में पुनर्वास, न्यूरो, बाल रोग, मस्कुलर स्केलेटल रिहैबिलिटेशन में स्नातकोतर फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान एसवीएनआईआरटीएआर द्वारा उक्त पाठ्यक्रम में कितने छात्रों को स्नातकोतर डिग्री प्रदान की गई है;

(ग) एसवीएनआईआरटीएआर में उक्त स्नातकोतर पाठ्यक्रमों को पढ़ाने/सेमिनार आयोजित करने के लिए कौन से विशिष्ट संकाय हैं और ऐसे संकायों द्वारा संबंधित श्रेणियों में कितनी कक्षा/सेमिनार आयोजित किये गए हैं;

(घ) उक्त स्नातकोतर पाठ्यक्रमों के गाइड के नाम क्या हैं;

(ङ) क्या एसवीएनआईआरटीएआर द्वारा चलाये जा रहे उक्त स्नातकोतर पाठ्यक्रमों में कार्डियोवास्कुलर रिहेबिलिटेशन में मास्टर फिजियोथेरेपी का एक विशेष कोर्स पढ़ाया जा सकता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ; और

(च) एसवीएनआईआरटीएआर में एमपीटी पाठ्यक्रमों में चल रही अनियमितताओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री
(श्री कृष्णपाल गुर्जर)

(क): जी हां।

(ख): मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एमपीटी) में स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान किए गए छात्रों की संख्या।

2016–17	2017–18	2018–19	2019–20 वर्ष 2017 के दौरान दाखिला प्रदान किए गए एमपीटी अंतिम वर्ष के छात्र वर्ष 2019 की विश्वविद्यालय परीक्षा में भाग लेंगे।
16	10	16	15

(ग): फिजियोथेरेपी में एसोसिएट प्रोफेसर, फिजियोथेरेपी में असिसटेंट प्रोफेसर, फिजियोथेरेपी में लेक्चरर, प्रोस्थेटिक्स और ओर्थोटिक्स में लेक्चरर, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट–सह–जूनियर लेक्चरर, एसवीएनआईआरटीएआर में फिजियोथेरेपी में निदर्शक (डिमोंस्ट्रेटर) के साथ–साथ न्यूरोलोजी विभाग एवं बाल चिकित्सा विभाग के संकाय, एससीबी मेडिकल कॉलेज, कटक तथा अतिथि (गेस्ट) संकाय, मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करते हैं/ सेमिनार आयोजित करते हैं। संकाय द्वारा आयोजित कक्षाओं/सेमिनारों की संख्या सप्ताह में लगभग 15 घण्टे हैं।

(घ): वर्ष 2016 से 2018 के दौरान 14 शोध–प्रबंध पत्र (थीसिस) प्रस्तुत हुए जिनमें से 09 शोध–प्रबंध पत्रों (थीसिस) में श्रीमती मोनालिसा पटनायक और 05 में डॉ. पी.पी. मोहन्ती गाइड थे।

(ङ): कार्डियोवास्कुलर रिहेबिलिटेशन में मास्टर फिजियोथेरेपी में न्यूरोलोजी, बाल–चिकित्सा, मस्ल स्केलटल ओर पुनर्वास जैसे विशिष्ट पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त फिजियोथेरेपी (पेपर–1) बायो–मकेनिक्स (पेपर–1), रिसर्च मैथेडोलोजी (पेपर–1) कार्डियो रेसपिरेटरी (पेपर–2) में अभ्यास प्रश्नों जैसे सामान्य विषयों में शिक्षा दी जा सकती है।

(च): अब तक, किसी अनियमितता की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

*****